"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान ( बिना डाक टिकट ) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी.2-22-छत्तीसगढ़ गजट / 38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-05-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2012-2015."

# छत्तीसगढ़ राजपत्र

## (असाधारण)
## प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 331 ] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 4 जुलाई 2014— आषाढ़ 13, शक 1936

### नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

रायपुर, दिनांक 4 जुलाई 2014

### अधिसूचना

क्रमांक एफ 1-52/2014/18. — छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 (क्रमांक 23 सन् 1956) की धारा 10 की उप धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, राज्य सरकार, नगर पालिक निगम, बिलासपुर, जिला-बिलासपुर के वार्डो का विस्तार नीचे दी गई अनुसूची के अनुसार एतद्द्वारा अवधारित करता है :-

1. बिलासपुर नगर पालिक निगम को 66 वार्डो में विभाजित करता है और अनुसूची में दर्शाये अनुसार ऐसे प्रत्येक वार्ड की सीमा निर्धारित करता है.
2. यह अधिसूचित करता है कि ऐसे प्रत्येक वार्ड से एक पार्षद निर्वाचित किया जायेगा.

### अनुसूची

| वार्ड क्रमांक | वार्ड का नाम |
|---|---|
| 1 | विकास नगर |
| 2 | विष्णु नगर |
| 3 | नेहरू नगर |
| 4 | कस्तूरबा नगर |
| 5 | अयोध्या नगर |
| 6 | भक्त कंवर राम नगर |
| 7 | तिलक नगर |
| 8 | गुरुघासीदास नगर |
| 9 | ओम नगर |
| 10 | राजेन्द्र नगर |
| 11 | गायत्री नगर |
| 12 | मदर टेरेसा नगर |
| 13 | अम्बेडकर नगर |
| 14 | क्रांति कुमार भारतीय नगर |
| 15 | महारानी लक्ष्मी बाई नगर |
| 16 | पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर |
| 17 | विनोबा नगर |
| 18 | विद्या नगर |
| 19 | संजय गांधी नगर |
| 20 | प्रियदर्शनी नगर |
| 21 | निराला नगर |

| वार्ड क्रमांक | वार्ड का नाम |
|---|---|
| 22 | आजाद नगर |
| 23 | शहीद असफाक उल्ला नगर |
| 24 | रामनगर |
| 25 | सुभाष नगर |
| 26 | पं. मुन्नुलाल शुक्ल नगर |
| 27 | लाला लाजपतराय नगर |
| 28 | शिवाजी नगर |
| 29 | संत रविदास नगर |
| 30 | नागोराव शेष नगर |
| 31 | कृष्णा नगर |
| 32 | बसंत भाई पटेल नगर |
| 33 | शहीद रामप्रसाद बिस्मिल नगर |
| 34 | गांधी नगर |
| 35 | इंदिरा नगर |
| 36 | तात्या टोपे नगर |
| 37 | रामदास नगर |
| 38 | भगत सिंह नगर |
| 39 | महाराणा प्रताप नगर |
| 40 | विवेकानंद नगर |
| 41 | शंकर नगर |
| 42 | शहीद हेमू कालानी नगर |
| 43 | रविन्द्र नाथ टैगोर नगर |
| 44 | गणेश नगर |
| 45 | कमला नेहरू नगर |
| 46 | माता परमेश्वरी नगर |
| 47 | ठाकुर देव नगर |
| 48 | भक्त माता कर्मा नगर |
| 49 | श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर |
| 50 | अशोक नगर |
| 51 | रानी दुर्गावती नगर |
| 52 | शहीद मंगल पांडे नगर |
| 53 | बीर सावरकर नगर |
| 54 | अरविन्द नगर |
| 55 | नामदेव नगर |
| 56 | शास्त्री नगर |
| 57 | कपिल नगर |
| 58 | पं. देवकीनंदन दीक्षित नगर |
| 59 | रामकृष्ण परमहंस नगर |
| 60 | बिलासा नगर |
| 61 | वायरलेस कालोनी नगर |
| 62 | भारतमाता नगर |
| 63 | जगन्नाथ नगर |
| 64 | बापू नगर |
| 65 | न्यू लोको कालोनी नगर |
| 66 | त्रिपुर सुन्दरी नगर |

## वार्ड कमांक 01 विकास नगर

**उत्तर** :—उसलापुर रेल्वे फाटक नगर निगम सीमा से मिलती है, से प्रारंभ होकर नगर निगम सीमा एवं मंगला ग्राम की सीमा तक मिलती है, तक पश्चात नगर निगम सीमा के किनारे—किनारे डॉ. सिन्हा वकील के घर के आगे गली से होते हुये श्री मनहरण लाल पाण्डेय के मकान के पास पंप हाउस से सडक मिलती है, तक।

**पूर्व** :— पंप हाउस सडक एवं श्री मनहरण लाल पाण्डेय के घर के पास सड़क मिलती है। संगम से प्रारंभ होकर दक्षिण की ओर चलकर पंप हाउस सडक एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी सडक मिलती है, तक, पश्चात पश्चिम में श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग होते हुये मुखर्जी मार्ग पार कर जब्बल एंड संस के मकान होते हुये नेहरू नगर गेस्ट हाउस सडक एवं जब्बल एंड संस की गली में मिलती है, तक।

**दक्षिण—पश्चिम** :— नेहरू नगर गेस्ट हाउस सड़क एवं जब्बल एंड संस की गली मिलती है, के संगम से प्रारंभ होकर नर्मदा नगर में 80 फीट चौड़ी बी.डी.ए.सड़क पार कर खाली भूमि में स्थित है होते हुये बिलासपुर कटनी रेल्वे लाईन तक। पश्चात रेल्वे लाईन के किनारे—किनारे बिलासपुर मुंगेली मार्ग को पार कर ग्राम मंगला की सीमा में जहां नगर निगम की सीमा मिलती है, तक।

## वार्ड कमांक 02 विष्णुनगर

**उत्तर** —ग्राम मंगला एवं निगम की सीमा नदी के मास संगम पर पूर्व की ओर चलकर नानकराम मार्ग एवं जलाशय मार्ग के संगम तक पश्चात नानकराम होते हुये मिलन चौक में श्री भेपू यादव के मकान तक।

**दक्षिण**— सेफर स्कूल के सामने चर्च से प्रारंभ होकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग होते हुये संजय तरण पुष्कर तक तथा संजय तरण पुष्कर के सामने वाली रोड से उत्तर की अओर चलकर पंप हाउस के सामने श्री एम.एल.पांडे के मकान के दक्षिण की ओर वाली रोड के संगम तक पश्चात इस संगम से प्रारंभ होकर पश्चिम की ओर चलकर डॉ. सिन्हा के मकान के आगे जतिया तालाब रोड के संगम तक, पश्चात जतिया तालाब रोड से चलकर तालाब के दक्षिण पूर्व कोना होते हुये तालाब के पार के किनारे—किनारे तालाब के दक्षिण पश्चिम कोना तक पश्चात दक्षिण की ओर चलकर खुली भूमि को पारकर एवं बी.डी.ए.की गौरवपथ सडक को पारकर रेल्वे लाईन तक।

**पूर्व** — 27 खोली में नगर निगम एवं ग्राम मंगला की सीमा मिलती है, संगम से उत्तर की ओर चलकर अरपा नदी की सीमा पर ग्राम मंगला व नगर निगम के संगम तक।

**पश्चिम** —मिलन चौक में श्री भेपू यादव के मकान से प्रारंभ होकर दक्षिण दिशा की ओर चलकर चांदनी चौक होते हुये सेफर स्कूल के सामने चर्च तक ।

## वार्ड कमांक 03 नेहरूनगर

**उत्तर** —श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग में भगत विकम काले के मकान के सामने से श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग पर पूर्व की ओर चलकर नेहरू चौक तक।

**दक्षिण**— भक्त कंवरराम गेट के पास पश्चिम की ओर चलकर राजीव नगर होते हुये घासीदास स्कूल सड़क बलराम टाकीज के पास मिलती है, को पारकर नेहरू चौक चौराहा पश्चात [illegible] चौक का हिस्सा होते हुये अमेरी रोड में दुबे कालोनी दिघ्रस्कर कालोनी अमेरी रोड में रेल्वे कांसिंग तक पश्चात रेल्वे लाईन के किनारे—किनारे वार्ड नं. 01 की सीमा रेल्वे लाईन से मिलती है तक।

**पूर्व** — नेहरू चौक से प्रारंभ होकर लोक मान्य तिलक मार्ग रायपुर रोड पर दक्षिण की ओर लोक मान्य तिलक मार्ग पर भक्त कंवरराम गेट स्थित तक।

**पश्चिम** —रेल्वे लाईन की सीमा से प्रारंभ होकर नर्मदा नगर में प्रस्तावित रिंग रोड को पार[illegible] नगर गेस्ट हाउस रोड पर जब्बल एंड संस एवं गेस्ट हाउस रोड श्री संतोष अवस्थी [illegible] मकान के पास स्थित संगम तक पश्चात अवस्थी की गली में उत्तर की ओर चलकर भग[illegible] ब्रिक्स वाले के मकान तक।

## वार्ड कमांक 04 कस्तूरबा नगर

**उत्तर–** कारगिल चौक से प्रारंभ होकर पूर्व दिशा में चलकर सिंधी कालोनी में स्थित नेहा प्राविजन स्टोर गोदडी वाले द्वार तक।

**दक्षिण–** बिलासपुर कटनी रेल्वे लाईन से जहां पर सीमा मिलती है, से प्रारंभ होकर पश्चिम दिशा की ओर चलकर श्री जी.पी.सोनी एवं आर.के.द्विवेदी के मध्य से निकलने वाली सडक जो रेल्वे लाईन से मिलती है, तक।

**पूर्व–** गोदड़ी द्वार नेहा प्राविजन स्टोर्स से प्रारंभ होकर दक्षिण की ओर चलकर जादवानी ठेकेदार के घर होते हुये श्री टोप्पों साहब के घर तक पश्चात राजू सारथी के घर के आगे जतिया तालाब के पूर्वी मेड के पास स्थित छोटू किराना पश्चात जतिया तालाब के मेड होते हुये स्वर्ण जयंती पत्रकार कालोनी के किनारे–किनारे चलकर गौरवपथ को पारकर बाबजी पार्क के पीछे बिलासपुर कटनी रेल्वे लाईन तक।

**पश्चिम –** बलराम टाकीज़ रोड कारगिल चौक में मिलती है, से प्रारंभ होकर दक्षिण दिशा में चलकर लल्ला हेयर कटिंग सेलून तक, पश्चात श्री आशिष ठाकुर के खुली भूमि के बांउण्ड्रीवॉल के किनारे–किनारे पारकर परिजात एक्सटेंशन स्थित भवन कं. ई/37 होते हुये दक्षिण की ओर चलकर रिंग रोड को पारकर जी.पी.सोनी एवं आर.के.द्विवेदी के मकान के मध्य से निकलने वाली सडक जो बिलासपुर कटनी रेल्वे लाईन तक मिलती है।

## वार्ड कमांक 05 अयोध्या नगर

**उत्तर –**नेहरू नगर में स्थित गुरूघासीदास स्कूल चौक से प्रारंभ होकर पूर्व की ओर चलकर कारगिल चौक तक।

**दक्षिण –** बिलासपुर कटनी रेल्वे लाईन के किनारे–किनारे पश्चिम दिशा में चलकर अमेरी फाटक के सीमा तक।

**पूर्व –** बलराम टाकीज रोड कारगिल चौक में मिलती है, से प्रारंभ होकर दक्षिण दिशा में चलकर लल्ला हेयर कटिंग सेलून तक। पश्चात आशिष सिंह ठाकुर के खुली भूमि के बांउण्ड्रीवॉल के किनारे–किनारे पारकर परिजात एक्सटेंशन स्थित भवन कं. ई/37 के बाजू से होते हुये दक्षिण की ओर चलकर रिंग रोड को पारकर वसुन्धरा गृह निर्माण समिति में जी.पी.सोनी एवं आर.के.द्विवेदी के मध्य निकलने वाली सडक जो दक्षिण की ओर बिलासपुर कटनी रेल्वे लाईन के पास मिलती है, तक।

**पश्चिम –**अमेरी फाटक से प्रारंभ होकर उत्तर की ओर चलकर गुरूघासीदास स्कूल एवं नेहरू नगर अमेरी फाटक वाली सडक मिलती है, के संगम तक।

## वार्ड कमांक 06 भक्त कंवर राम नगर

**उत्तर–** बलराम टाकीज के सामने वाली रोड एवं राजीव नगर रोड की संगम से प्रारंभ होकर राजीव नगर रोड पर पूर्व की ओर चलकर फारेस्ट आफिस के सामने सडक से भक्त कंवर राम गेट तक।

**दक्षिण–पश्चिम–** जरहाभाटा मंदिर चौक से प्रारंभ होकर बलराम टाकीज रोड में पश्चिम की ओर चलकर बलराम टाकीज़ के सामने वाली रोड तथा राजीव नगर रोड के संगम तक।

**पूर्व–** भक्त कंवरराम गेट से प्रारंभ होकर लोक मान्य तिलक मार्ग (रायपुर रोड) पर दक्षिण की ओर चलकर जरहाभाठा मंदिर चौक तक।

## वार्ड कमांक 07 तिलक नगर

**उत्तर–** मंगला नाका चौक के पास स्थित सडक जो कि नदी में मिलती है, के संगम से प्रारंभ होकर नदी के किनारे–किनारे पूर्व की ओर चलकर अरपा पुल के पास नदी तक।

**दक्षिण–** शिवाजी चौक से प्रारंभ होकर पश्चिम की ओर चलकर पोस्ट आफिस के पास स्थित चौक तक पश्चात पोस्ट आफिस चौक से श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग पर चलकर नेहरू चौक को पारकर कुदुदंड चर्च तक।

**पूर्व—** अरपा पुल के पास नदी मिलती है, से प्रारंभ होकर दक्षिण की ओर चलकर देवकीनंदन स्कूल के सामने स्थित चौक तक पश्चात पुनः पूर्व की ओर चलकर शिवाजी चौक तक।

**पश्चिम—** श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग में स्थित कुदुदंड चर्च के पास से उत्तर की ओर चलकर चांदनी चौक को पारकर मिलन चौक तक पश्चात मिलन चौक से पश्चिम की ओर चलकर मंगला नाका चौक तक पश्चात मंगला नाका चौक से उत्तर की ओर चलकर नदी तक।

## वार्ड कमांक 08 गुरूघासीदास नगर

**उत्तर—पश्चिम—** बिलासपुर रायपुर मुख्य मार्ग पर कायनेटिक होंडा एजेंसी के सामने स्थित श्री राम स्टील व रंग महल पेंट दुकान के बीच वाली सडक पश्चिम की ओर चलकर मंगल भवन मार्ग होते हुये जतिया तालाब मेड होते हुये रिंग रोड (गौरवपथ) को पार करते हुये परिजात केसल की पश्चिमी सीमा होते हुये बिलासपुर कटनी रेल्वे लाईन तक।

**दक्षिण—** परिजात केसल के पीछे बिलासपुर कटनी रेल्वे लाईन के किनारे—किनारे चंदेला कालोनी के पीछे पूर्व की ओर चलते हुये तिफरा रेल्वे कासिंग ओव्हर ब्रिज के नीचे तक।

**पूर्व—** बिलासपुर कटनी रेल्वे लाईन तिफरा कासिंग ओव्हर ब्रिज के नीचे से रायपुर बिलासपुर मुख्य मार्ग में उत्तर की ओर चलते हुये महाराणा प्रताप चौक पार करते हुये कायनेटिक होंडा शो रूम के सामने सुल्तानिया के लोहा दुकान तक।

## वार्ड कमांक 09 ओमनगर

**उत्तर—** बलराम टाकीज रोड में स्थित गोदडी द्वार गेट से प्रारंभ होकर पूर्व की ओर चलकर मंदिर चौक के सामने स्थित अरफा हॉटल तक।

**दक्षिण—पश्चिम—** जे.पी.कालेज (एस.बी.आर.कालेज) के दक्षिणी बांऊण्ड्री से मंगल भवन तक पश्चात प्रभाकर मेमोरियल स्कूल होते हुये करूणा अनंत स्कूल तक सड़क पारकर बरकत मसीह के घर से प्रारंभ होकर गोदडी द्वार गेट तक।

**पूर्व—** मंदिर चौक के सामने से अरफा हांटल से प्रारंभ होकर दक्षिण दिशा की ओर चलते हुये बिलासपुर रायपुर मुख्य मार्ग के किनारे—किनारे चलकर सुलभ शौचालय तत्पश्चात नवीन प्राथमिक शाला ममाज स्वीट्स तक पश्चात ममाज स्वीट्स से जे.पी.वर्मा कालेज (एस.बी.आर. कालेज) के दक्षिण दिशा स्थित बांऊण्ड्रीवॉल तक।

## वार्ड कमांक 10 राजेन्द्र नगर

**उत्तर—** लोकमान्य तिलक मार्ग नेहरू चौक से प्रारंभ होकर पूर्व की ओर चलकर पोस्ट आफिस के सामने स्थित चौक तक पुनः पूर्व की ओर मुडकर शिवाजी चौक को पारकर मिशन स्कूल पूर्व दिशा में स्थित ज्वाली नाले तक।

**दक्षिण—** एक्सीडेंट चौक के श्रद्धानंद मार्ग पश्चिम की ओर चलकर लोकमान्य तिलक मार्ग पर स्थित है, मंदिर चौक तक। पश्चात लिंक रोड पर पूर्व की ओर चलकर आई.जी.बंगला (गर्ल्स हास्टल तिराहा) तक पश्चात हास्टल के सामने वाली रोड पर दक्षिण वाली रोड की ओर चलकर एक्सीडेंट चौक तक।

**पूर्व—** मिशन स्कूल के पूर्व स्थित है। ज्वाली नाले एवं रोड के संगम से प्रारंभ होकर नाले के किनारे—किनारे दक्षिण की ओर चलकर लिंक रोड मे जहां ज्वाली नाला मिलती है, संगम तक।

**पश्चिम—** जरहाभाठा मंदिर चौक से प्रारंभ होकर लोकमान्य तिलक मार्ग पर उत्तर की ओर चलकर तिलक मार्ग पर स्थित नेहरू चौक तक।

## वार्ड कमांक 11 गायत्रीनगर

**उत्तर—** कालेज के सामने रायपुर रोड (लोकमान्य तिलक मार्ग) पर कालेज लाईब्रेरी के सामने वाली सडक मिलती है, के संगम से प्रारंभ होकर पूर्व की ओर चलकर श्री कालवीन के घर के

सामने से होते हुये खुली भूमि होकर अज्ञेय नगर के पीछे, अज्ञेय नगर के उत्तर पश्चिम, किनारा तक पश्चात अज्ञेय नगर सीमा के उत्तरी किनारे–किनारे उत्तर पूर्व किनारा तक।

**दक्षिण** –एफ.सी.आई.गोदाम के अंतिम पश्चिम किनारे से रेल्वे लाईन के किनारे–किनारे पश्चिम की ओर चलकर तिफरा रेल्वे फाटक तक।

**पूर्व** – अज्ञेय नगर के उत्तर–पूर्व किनारा से प्रारंभ होकर अज्ञेय नगर की पूर्वी सीमा की दीवाल के किनारे–किनारे दक्षिण की ओर चलकर प्रियदर्शनी नगर सीमा के किनारे–किनारे बाल मुकुंद स्कूल के पीछे तक पश्चात बाल मुकुंद स्कूल के दक्षिणी किनारा से लगकर आपजी मार्ग (मगरपारा, तालापारा) तक पश्चात आपजी मार्ग पर दक्षिण की ओर चलकर आस्था पेट्रोल पंप चौक तक (बी.डी.ए.रिंग रोड तक) पश्चात बी.डी.ए. रिंग रोड पर पूर्व की ओर चलकर एफ.सी.आई.गोदाम की ओर (दक्षिण ओर) मुडकर खाली प्लाट होकर एफ.सी.आई. गोदाम की ओर (दक्षिण ओर) अंतिम पश्चिमी सीमा तक।

**पश्चिम** –तिफरा रेल्वे फाटक से प्रारंभ होकर लोकमान्य तिलक मार्ग रायपुर रोड पर उत्तर की ओर चलकर एस.बी.आर.कालेज के सामने स्थित कच्ची सडक (कालेज लाईब्रेरी) ओर जाने वाली सडक के संगम तक।

## वार्ड कमांक 12 मदर टेरेसा नगर

**उत्तर**– रायपुर रोड मुख्य मार्ग पर स्थित जरहाभाठा मंदिर चौक से प्रारंभ होकर पूर्व की ओर चलकर इंदु चौक पश्चात एल.आई.सी.आफिस होते हुये मगरपारा चौक तक।

**दक्षिण** – तालापारा रोड एवं शराब भट्ठी रोड संगम से शराब भट्ठी रोड पर पश्चिम की ओर चलकर मदरसा के सामने सडक मिलती है, संगम तक पश्चात संगम वाली रोड से।

**पूर्व** – मगरपारा चौक से आपाजी मार्ग (तालापारा) की ओर चलकर शराब भट्टी रोड मिलती है, **तैबा** चौक तक।

**पश्चिम** –रायपुर मार्ग पर स्थित एस.बी.आर.कालेज के सामने स्थित जहां कालेज लाईब्रेरी आकर मिलती है, नाली सडक से प्रारंभ होकर रायपुर रोड मार्ग पर उत्तर की ओर चलते हुये जरहाभाठा प्रायमरी स्कूल के सामने स्थित राजीव गांधी चौक पार करते हुये उत्तर की ओर चलकर मंदिर तक।

## वार्ड कमांक 13 अम्बेडकर नगर

**उत्तर**– ईदगाह चौक से राघवेन्द्र राव मार्ग पर पश्चिम की ओर चलते हुये मिशन स्कूल के पूर्व स्थित नाले के संगम तक।

**दक्षिण**– एक्सीडेंट चौक से श्रद्धानंद मार्ग पूर्व की ओर चलकर मगरपारा चौक को पारकर अग्रसेन चौक तक।

**पूर्व**– अग्रसेन चौक से प्रारंभ होकर स्टेडियम के सामने वाली रोड पर पश्चिम की ओर चलकर सत्यम चौक को पारकर पुलिस ग्राउण्ड (सिविल लाईन थाना के सामने) तिराहा तक पश्चात उत्तर की ओर चलते हुये (पुलिस ग्राउण्ड की पूर्व की सडक में) उत्तर की ईदगाह चौक तक।

**पश्चिम** –मिशन स्कूल के पूर्व स्थित है, नाले के संगम से प्रारंभ होकर नाले के किनारे–किनारे दक्षिण की ओर चलकर लिंकरोड में ज्वाली नाला मिलती है संगम तक पश्चात लिंक रोड पर पूर्व की ओर चलकर आई.जी.बंगला (गर्ल्स हास्टल तिराहा) तक पश्चात हास्टल के सामने वाली रोड पर दक्षिण की ओर चलकर [illegible]क्सीडेंट चौक तक।

## वार्ड कमांक [illegible]ंतिकुमार भारतीय नगर

**उत्तर**– रिंग रोड एवं लिंक रोड को जो[illegible] वाली नई सडक तथा गायत्री मंदिर सडक के संगम से गायत्री मंदिर रोड पर पश्चिम की ओर चलते हुये पंप हाउस के तिराहा तक पश्चात तिराहे से पश्चिम की ओर तालाब के नीचे वाली रोड पर चलते हुये आपाजी मार्ग एवं गायत्री मंदिर मार्ग के संगम तक (पीपल पेंड़ के पास) पश्चात संगम से आपाजी मार्ग पर उत्तर की ओर चलकर मगरपारा चौक की ओर आपाजी मार्ग पर शराब भट्ठी रोड मिलती है, संगम तक

पश्चाम संगम से शराब भट्ठी रोड पर पश्चिम की ओर चलकर मदरसा के सामने वाली रोड मिलती है, संगम तक।

**दक्षिण–** आस्था पेट्रोल पंप चौक से प्रारंभ होकर बी.डी.ए.रिंग रोड पर पूर्व की ओर चलते हुये बी.डी.ए. नई रोड एवं लिंक रोड को जोड़ने वाली संगम तक।

**पूर्व–** रिंग रोड एवं लिंक रोड को जोडने वाली श्रीकांत वर्मा मार्ग के संगम से प्रारंभ होकर नई रोड पर उत्तर की ओर चलते हुये गायत्री मंदिर से तालापारा रोड के संगम तक।

**पश्चिम–** तालापारा शराब भट्ठी रोड़ पर मदरसा के सामने वाली सडक के संगम से मदरसा के सामने वाली सडक पर दक्षिण की ओर चलते हुये अज्ञेय नगर के उत्तरी अंतिम सीमा तक पश्चात अज्ञेय नगर के सीमा के किनारे–किनारे उत्तर पूर्व किनारा तक पश्चात अज्ञेय नगर के पूर्व सीमा की दीवाल के किनारे–किनारे दक्षिण की ओर चलकर प्रियदर्शनी नगर सीमा किनारे–किनारे बाल मुकुंद स्कूल के पीछे सीमा तक पश्चात बाल मुकुंद स्कूल के किनारे से चलकर मगरपारा तालापारा रोड (आपाजी मार्ग) मिलती है, संगम तक पश्चात दक्षिण की ओर चलकर आस्था पेट्रोल पंप चौक तक।

## वार्ड कमांक 15 महारानी लक्ष्मी बाई नगर

**उत्तर–पूर्व–** मगरपारा चौक बस स्टैण्ड रोड के संगम से प्रारंभ होकर उत्तर पूर्व दिशा में मरिमाई रोड होते हुये नाला पारकर गीतांजली अपार्टमेंट के दक्षिण पूर्वी कोने तक जहा भारत चौक स्थित है तक।

**दक्षिण–** भारत चौक से प्रारंभ होकर पश्चिम की ओर चलते हुये शकील टेंट हाउस होते हुये आकाश टेलर्स की दुकान होते हुये तालापारा मार्ग संगम पश्चात पीपल चौक तक।

**पश्चिम–** आकाश टेलर्स वाले तिराहे से जय स्तंभ होते हुये तालापारा मुख्य मार्ग पर उत्तर दिशा की ओर तैबा चौक होते हुये हनुमान मंदिर होते हुये मगरपारा चौक तक।

## वार्ड कमांक 16 पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर

**उत्तर–** मगरपारा से पूर्व की ओर चलते हुये अग्रसेन चौक से चलते हुये लिंक रोड पर जहां श्रीकांत वर्मा मार्ग एवं लिंक रोड संगम तक।

**दक्षिण–** गायत्री मंदिर से तालापारा रोड पर जहां विनोबा नगर की प्राथमिक स्कूल की गली मिलती है (जय स्टेशनरी) से प्रारंभ होकर पश्चिम की ओर चलकर पं. दीनदयाल चौक होते हुये भारत चौक तक।

**पूर्व–** लिंक रोड पर श्रीकांत वर्मा मार्ग के संगम से प्रारंभ होकर दक्षिण की ओर चलते हुये भट्टाचार्य के घर र पर्व की आर विनोबा नगर प्राथमिक शाला सडक होते गायत्री मंदिर तालापारा सडक के संगम तक स्थित जय स्टेशनरी तक।

**पश्चिम–** भारत चौक से प्रारंभ होकर मरिमाई मंदिर होते हुये उत्तर दिशा की ओर चलते हुये मगरपारा चौक तक।

## वार्ड कमांक 17 विनोबा नगर

**उत्तर–** श्रीकांत वर्मा मार्ग एवं लिंक रोड के संगम से प्रारंभ होकर पूर्व दिशा की ओर चलकर सी.एम.डी. चौक तक।

**दक्षिण–** रिंग रोड नं. 02 एवं श्रीकांत वर्मा मार्ग के संगम से प्रारंभ होकर रिंग रोड नं. 02 मार्ग में किनारे–किनारे चलते हुये महिमा काम्पलेक्स होते हुये घनश्याम चेंबर्स होते हुये गायत्री मंदिर मार्ग एवं रिंग रोड नं. 02 के संगम तक।

**पूर्व–** रिंग रोड नं. 02 एवं गायत्री मंदिर मार्ग के संगम से उत्तर की ओर चलते हुये गायत्री मंदिर तिराहे तक तत्पश्चात पूर्व की ओर चलते हुये सी.एम.डी.चौक स्थित मूनबेरी रेफिजरेशन दुकान एवं लिंक रोड के संगम तक।

**पश्चिम**–रिंग रोड नं. 02 स्थित महिमा काम्पलेक्स होते हुये श्रीकांत वर्मा मार्ग पर उत्तर की ओर चलकर बद्रीनारायण भवन होते हुये श्री सांई दरबार मंदिर के सामने से होते हुये दीनदयाल उपाध्याय चौक तक। तत्पश्चात विनोबा नगर रोड में पूर्व दिशा की ओर चलकर हरिकिशन स्कूल तक। तत्पश्चात उत्तर की ओर चलते हुये गुप्ता गली एवं शत्रुहन सिंह राजपूत गली होते हुये श्रीकांत वर्मा मार्ग तक पश्चात श्रीकांत वर्मा मार्ग एवं लिंकरोड के संगम तक।

## वार्ड कमांक 18 विद्या नगर

**उत्तर**– गायत्री मंदिर के सामने से प्रारंभ होकर सडक के किनारे–किनारे चलकर पूर्व दिशा की ओर चलते हुये सी.एम.डी.चौक को पारकर तारबाहर थाने के पहले तक।

**दक्षिण**– रिंग रोड नं. 02 आनंदा होटल के सामने से पश्चिम की ओर चलते हुये एल.आई.सी.आफिस शिवदुलारे परिसर के भवन तक गायत्री मार्ग संगम तक।

**पूर्व**– तारबाहर थाना के पीछे डीपूपारा एवं विद्या नगर को जोडने वाली सडक के पूर्व के भाग को लेते हुये राम नारायण शास्त्री के मकान के सामने रोड में आगे चलकर बी.के.सिंग के मकान पश्चात सूर्या अपार्टमेंट के सामने रोड को पारकर गुरुकुल के पीछे से रिंग रोड नं. 02 जो व्यापार विहार में स्थित है, तक।

**पश्चिम**–शिव दुलारे परिसर से प्रारंभ होकर उत्तर की ओर चलकर स्व. रामबाबू सोथलिया के मकान के सामने वाली सडक होते हुये गायत्री मंदिर एवं सी.एम.डी.कालेज के सामने से निकलने वाली सडक के संगम तक।

## वार्ड कमांक 19 संजय गांधी नगर

**उत्तर**– नालंदा स्कूल के पास सूर्या अपार्टमेंट के सामने चौक से प्रारंभ होकर पूर्व की ओर चलते हुये डॉ. मेघानी के सामने की रोड होते हुये तारबाहर एवं डिपूपारा रोड के संगम तक। पश्चात संगम से उत्तर की ओर चलकर तारबाहर चौक तक।

**दक्षिण**– पूर्व की रेल्वे सीमा से प्रारंभ होकर पश्चिम की ओर रेल्वे सीमा के किनारे चलते हुये एफ.सी. आई. की बांउण्ड्री तक।

**पूर्व**– तारबाहर चौक से प्रारंभ होकर स्टेशन रोड की ओर रेल्वे सीमा तक पश्चात रेल्वे किनारे–किनारे होते हुये रेल्वे सीमा तक।

**पश्चिम** –एफ.सी.आई.गोदाम के पश्चिम सीमा रेल्वे लाईन से प्रारंभ होकर उत्तर की ओर चलते हुये रिंग रोड को पारकर कच्ची सडक होकर सूर्या अपार्टमेंट के सामने चौक तक।

## वार्ड कमांक 20 प्रियदर्शनी नगर

**उत्तर**– तारबाहर चौक से प्रारंभ होकर लिंक रोड पर पश्चिम की ओर चलकर तारबाहर थाने के पश्चिम किनारा तक।

**दक्षिण**– नालंदा स्कूल के पीछे सूर्या अपार्टमेंट चौक से प्रारंभ होकर डॉ. मेघानी की सडक होते हुये तारबाहर मुख्य मार्ग के संगम तक।

**पूर्व**– तारबाहर एवं डिपूपारा रोड के संगम से प्रारंभ होकर उत्तर की ओर चलकर तारबाहर चौक तक।

**पश्चिम** –लिंक रोड पर स्थित तारबाहर थाना के पश्चिमी सीमा से प्रारंभ होकर सिंघल साहब के घर की बांउण्ड्री एवं डिपूपारा रोड होते हुये विद्या नगर शिव मंदिर के सामने की रोड होते हुये राम नारायण शास्त्री के मकान से आगे चलकर सूर्या अपार्टमेंट के सामने चौक तक।

## वार्ड कमांक 21 निराला नगर

**उत्तर**– राधा कृष्ण मंदिर मार्ग एवं कोहली गली संगम से कोहली गली में पूर्व की ओर चलकर गोयल की घर होकर सरजू बगीचा रोड होकर बगीचा होते हुये चोपडा नर्सिंग होम के बगल तक।

**दक्षिण–पूर्व**–चोपड़ा नर्सिंग होम के बगल से प्रारंभ होकर सरजू बगीचा रोड को पारकर दक्षिण की ओर चलकर इमलीपारा रोड पर स्थित मोहनलाल चौधरी के घर के पास तक पश्चात

इमलीपारा रोड में पूर्व की ओर चलकर बजरंग पान दुकान के पास संगम तक पश्चात बजरंग पान दुकान से टेलीफोन एक्सचेंज के सामने अग्रसेन चौक तक।

**पश्चिम**–अग्रसेन चौक से प्रारंभ होकर पश्चिम की ओर चलकर सत्यम चौक को पारकर यातायात पुलिस कार्यालय के पश्चिम वाली रोड के संगम तक पश्चात इस रोड पर उत्तर की ओर चलकर खजांची मार्ग होते हुये डॉ. राय एवं चन्द्रिका हॉटल को जाने वाली सडक को पारकर राधा कृष्ण मंदिर मार्ग के संगम तक, पश्चात राधा कृष्ण मंदिर मार्ग पर उत्तर की ओर चलकर कोहली गली के संगम तक।

## वार्ड कमांक 22 आजाद नगर

**उत्तर**–देहनकर मार्ग में ज्वाली नाला के संगम से प्रारंभ होकर नाला के किनारे–किनारे पश्चिम की ओर चलकर मध्यनगरीय चौक के पास संगम तक, पश्चात मध्यनगरीय चौक से राघवेन्द्र राव मार्ग पर पश्चिम की ओर चलकर ईदगाह चौक तक।

**दक्षिण–पूर्व**–यातायात पुलिस कार्यालय के पश्चिम की ओर नकछेदी राममार्ग पर उत्तर की ओर चलकर खजांची मार्ग के संगम तक पश्चात पूर्व की ओर चलकर राधा कृष्ण मंदिर मार्ग के संगम तक पश्चात राधा कृष्ण मार्ग पर उत्तर की ओर चलकर कोहली गली के संगम तक पश्चात कोहली गली में पूर्व की ओर चलकर गोयल के घर होकर सरजू बगीचा रोड होकर बगीचा होते हुये चोपडा नर्सिंग होम के बगल तक देहनकर मार्ग तक पश्चात देहनकर मार्ग में उत्तर की ओर चलकर ज्वाली नाला के संगम तक।

**पश्चिम**–ईदगाह चौक से प्रारंभ होकर नागेन्द्र नाथ के मार्ग पर दक्षिण की ओर चलकर सिविललाईन थाना के सामने लिंक रोड के संगम तक पश्चात पूर्व की ओर मुडकर यातायात पुलिस कार्यालय के बगल रोड के संगम तक।

## वार्ड कमांक 23 शहीद असफाक उल्ला नगर

**उत्तर**– सिम्स चौक के सामने स्थित गुरूनानक चश्मा दुकान से प्रारंभ होकर पूर्व की ओर चलकर सदर बाजार रोड पर शक्ति क्लाथ स्टोर्स के बगल वाली गली तक।

**दक्षिण**–मध्यनगरीय चौक से प्रारंभ होकर ईदगाह चौक तक।

**पूर्व**– शक्ति क्लाथ स्टोर्स के बाजू वाली गली एवं सदर बाजार रोड के संगम से दक्षिण की ओर देवकीनंदन पुत्री शाला के सामने वाली रोड के संगम तक पश्चात पूर्व की ओर मुडकर लाजपतराय स्कूल होते हुये मारवाडी लाईन रोड पर स्थित लाजपतराय स्कूल होते हुये मध्यनगरीय चौक तक।

**पश्चिम**– ईदगाह चौक से प्रारंभ होकर उत्तर की ओर चलकर सिम्स चौक स्थित गुरूनानक चश्मा दुकान तक।

## वार्ड कमांक 24 रामनगर

**उत्तर**– अरपा पुल से प्रारंभ होकर नदी किनारे पूर्व की ओर चलकर छितानी–मितानी मार्ग पर आकर मिलती है, तक।

**दक्षिण**– ईदगाह चौक से राघवेन्द्र राव भवन तक, पश्चिम की ओर चलकर शिवाजी चौक

**पूर्व**– छितानी–मितानी मार्ग एवं नदी किनारे से प्रारंभ होकर इस मार्ग पर दक्षिण की ओर चलकर अवधेश प्रसाद पाठक मार्ग के संगम तक। पश्चात इस मार्ग के पश्चिम की ओर चलकर विश्वकर्मा के कारखाना होकर राम मंदिर मार्ग तक पश्चात राजाराम मंदिर मार्ग पर दक्षिण की ओर चलकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग के संगम तक पश्चात श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग पर पश्चिम की ओर चलकर सिम्स चौक स्थित मंदिर तक। पश्चात सिम्स चौक के सामने सडक पारकर राघवेन्द्र राव सभा भवन के पूर्वी कोना तक, पश्चात दक्षिण में चलकर मिशन अस्पताल होते हुये ईदगाह चौक के संगम तक।

**पश्चिम**–बृहस्पति बाजार शिवाजी चौक से प्रारंभ होकर उत्तर की ओर चलकर देवकीनंदन स्कूल होकर प्रताप टाकीज चौक होते हुये पुराना अरपा पुल के पास स्थित रिव्हर व्यू सडक तक।

## वार्ड कमांक 25 सुभाष नगर

**उत्तर**– छितानी–मितानी प्रसाद मार्ग नदी में मिलती है, से प्रारंभ होकर नदी के किनारे–किनारे पं. मुन्नूलाल शुक्ल शाला की पश्चिमी सरहदी दीवार तक।

**दक्षिण**– शिव नारायण बाजपेयी मार्ग एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग के संगम से पश्चिम की ओर चलकर करोना चौक के पास राजाराम मार्ग के संगम तक।

**पूर्व**– पं. मुन्नूलाल शुक्ल शाला की पश्चिमी सरहदी दीवार से प्रारंभ होकर दक्षिण की ओर चलकर देवी प्रसाद वर्मा मार्ग को पारकर शिव नारायण बाजपेयी मार्ग पर दक्षिण की ओर चलकर सदर बाजार स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग के संगम तक।

**पश्चिम**–करोना चौक से प्रारंभ होकर उत्तर की ओर चलकर राजाराम मंदिर मार्ग में गुरूद्वारे तक पश्चात विश्वकर्मा का कारखाना होकर पूर्व की ओर चलकर मथूरा प्रसाद पाठक मार्ग पर चलकर छितानी–मितानी प्रसाद मार्ग के संगम तक पश्चात छितानी–मितानी मार्ग पर उत्तर की ओर चलकर नदी एवं वार्ड क्र. 24 की सीमा मिलती है, तक।

## वार्ड कमांक 26 पं. मुन्नुलाल शुक्ल नगर

**उत्तर**– पं. मुन्नूलाल शुक्ल स्कूल की पश्चिमी सरहदी दीवार नदी के पास से प्रारंभ होकर नदी के किनारे–किनारे पूर्व की ओर चलकर पचरी घाट तक।

**दक्षिणः**– ज्वाली पुल एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग के संगम से प्रारंभ होकर पश्चिम की ओर चलकर गोल बाजार के मध्य से होकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग एवं शिव नारायण बाजपेयी मार्ग के संगम तक।

**पूर्व**– नदी किनारे पचरी घाट से प्रारंभ होकर दक्षिण की ओर विनायक राव मार्ग पर चलते हुये पूरनदास बाबा मार्ग के संगम तक। पश्चात पश्चिम की ओर शनिचरी बाजार की ओर जाने वाली मार्ग पर चलकर दक्षिण की रामबती गली में मुडकर दिनेश सिंह के घर के पास पुनः शनिचरी बाजार मार्ग पर आकर पश्चिम की ओर चलकर ज्वाली नाला की पुलिया तक पश्चात पुलिया से नाले के किनारे–किनारे दक्षिण की ओर चलकर नाले एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग (ज्वाली पुल) तक।

**पश्चिम**– सदर बाजार में श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग एवं शिव नारायण बाजपेयी मार्ग के संगम से प्रारंभ हाकर शिव नारायण बाजपेयी मार्ग में उत्तर की ओर चलकर पं. मुन्नुलाल शुक्ल शाला की पश्चिमी सरहदी दीवार जो नदी के पास मिलती है, तक।

## वार्ड कमांक 27 लाला लाजपतराय नगर

**उत्तर**– श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग एवं देहनकर मार्ग जो मान सरोवर लॉज चौक पर मिलती है से प्रारंभ होकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग पर पश्चिम की ओर चलकर गोल बाजार के मध्य से होकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग पर (सदर बाजार) शक्ति क्लाथ स्टोर्स के बाजू वाली गली के संगम तक।

**दक्षिणः**- देहनकर मार्ग पर स्थित नाला से प्रारंभ होकर पश्चिम की ओर चलकर मध्यनगरीय चौक तक।

**पूर्व** :– देहनकर मार्ग पर नाले के संगम से देहनकर मार्ग पर उत्तर की ओर चलकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग के संगम तक (मान सरोवर चौक तक)

**पश्चिम** :– श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग से सदर बाजार में शक्ति क्लाथ स्टोर्स के बाजू गली के संगम से दक्षिण की ओर चलकर पुत्री शाला के बगल वाली सडक के संगम तक पश्चात पूर्व की ओर चलकर गुरूमुख राय मार्ग (मारवाडी लाईन) के संगम तक पश्चात गुरूमुख राय मार्ग पर दक्षिण की ओर लोकस्वर के सामने वाली सडक तक पश्चात डॉ. रामाचरण राय मार्ग पर पश्चिम की ओर चलकर मध्यनगरीय चौक ज्वाली नाला तक।

## वार्ड कमांक 28 शिवाजी नगर

**उत्तर–** श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग पर स्थित ज्वाली पुल से मुखर्जी मार्ग पर पश्चिम की ओर चलकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग एवं देहनकर मार्ग के संगम तक (मान सरोवर चौक तक)

**दक्षिण–** अग्रसेन चौक से प्रारंभ होकर वीर सावरकर मार्ग पर पूर्व की ओर चलकर वीर सावरकर मार्ग एवं देहनकर मार्ग के संगम तक (सी.एम.डी.चौक तक)

**पूर्व –** सी.एम.डी. कालेज चौक से प्रारंभ होकर देहनकर मार्ग पर उत्तर की ओर चलकर गणपत राव शेष मार्ग के संगम तक (मंदिर चौक तक) पश्चात गणपत राव शेष मार्ग पर पूर्व की ओर चलकर लाला कश्यप कालोनी जाने वाली सडक संगम तक पश्चात कश्यप कालोनी की ओर उत्तर की ओर चलते हुये आशा सिंह के मकान के सामने से कच्ची सडक होकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग पर स्थित ज्वाली पुल तक।

**पश्चिम–** श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग एवं देहनकर मार्ग के संगम (मान सरोवर चौक) से प्रारंभ होकर त्रियम्बक राव देहनकर मार्ग पर दक्षिण की ओर चलते हुये चोपडा नर्सिंग होम तक पश्चात चोपडा नर्सिंग होम के बगल से सरजू बगीचा रोड को पारकर दक्षिण की ओर चलते हुये इमलीपारा में मोहन लाल चौधरी के मकान के पास संगम तक पश्चात इमलीपारा रोड में बजरंग पान ठेला हर नारायण बाजपेयी मार्ग के संगम तक पश्चात हर नारायण मार्ग पर पश्चिम की ओर चलकर अग्रसेन चौक तक।

## वार्ड कमांक 29 संत रविदास नगर

**उत्तर–** श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग पर स्थित ज्वाली पुल से प्रारंभ होकर ठाकुर छेदीलाल मार्ग पर पूर्व की ओर चलकर नागोराव शेष स्कूल के सामने शांति मार्ग के संगम तक।

**दक्षिण :–** नागोराव शेष एवं गनपत राव शेष मार्ग के संगम से पश्चिम की ओर चलकर गनपत राव शेष मार्ग पर लाला कश्यप कालोनी वाली मार्ग मिलती है, संगम तक।

**पूर्व :–** ठाकुर छेदीलाल मार्ग एवं शांति मार्ग के संगम से प्रारंभ होकर दक्षिण की ओर चलकर नागोराव शेष मार्ग के संगम तक पश्चात शेष मार्ग पर दक्षिण की ओर चलकर गनपत राव शेष मार्ग के संगम तक (रविदास चौक तक) ।

**पश्चिम :–** गनपत राव शेष मार्ग पर लाला कश्यप कालोनी मार्ग मिलती है, से प्रारंभ होकर कश्यप कालोनी की ओर उत्तर की ओर चलते हुये आशा सिंह के घर के सामने से होकर पश्चात कच्ची सडक होकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग पर स्थित ज्वाली पुल तक।

## वार्ड कमांक 30 नागोराव शेष नगर

**उत्तर–** पुत्री शाला के पास गेंदराम साव मार्ग एवं पूरन दास बाबा मार्ग के संगम से पूरन दास बाबा मार्ग पर पश्चिम की ओर चलकर पंप हाउस के पास दक्षिण की ओर गली होकर पुनः पूरन दास बाबा मार्ग पर पहुंचकर पश्चिम की ओर चलकर अमोलचंद गुप्ता के घर तक पश्चात विनायक राव मार्ग को पारकर शनिचरी बाजार की ओर रामबती गली होकर दिनेश सिंह के घर के पास पुनः शनिचरी बाजार रोड होकर ज्वाली नाला पर स्थित है, पुलिया तक।

**दक्षिण :–** श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग पर स्थित ज्वाली पुल से पूर्व की ओर चलकर प्रधान साउंड सर्विस से आगे पन्नालाल पांडे मार्ग (राजकुमार सोनी के मकान के पास) के संगम तक पश्चात पन्नालाल पांडे मार्ग पर उत्तर की अओर चलकर मंगल सोनी के घर के पास द्वारपाल मार्ग के संगम तक पश्चात द्वारपाल मार्ग पर पूर्व की ओर चलकर गेंदराव साव मार्ग के संगम तक (शेष स्कूल के बगल वाली सडक तक)।

**पूर्व :–** गेंदराम साव मार्ग एवं द्वारपाल मार्ग के संगम से साव मार्ग पर उत्तर की ओर चलकर पुत्रीशाला के आगे गेंदराम साव मार्ग एवं पूरनदास बाबा मार्ग के संगम तक।

**पश्चिम :–** शनिचरी बाजार रोड पर स्थित ज्वाली पुलिया (राईसमिल के पास) ज्वाली नाला पुलिया से प्रारंभ होकर नाला के किनारे–किनारे श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग पर स्थित ज्वाली पुल तक।

## वार्ड कमांक 31 कृष्णा नगर

**उत्तर**— पचरी घाट नदी से प्रारंभ होकर नदी के किनारे—किनारे उदई चौक के पास स्थित शिव मंदिर एवं प्रताप मार्ग के संगम तक।

**दक्षिण**— ठाकुर छेदीलाल मार्ग एवं प्रताप मार्ग के संगम से प्रारंभ होकर ठाकुर छेदीलाल मार्ग से पश्चिम की ओर चलकर राजकुमार सोनी के घर के पास पन्नालाल पांडे एवं ठाकुर छेदीलाल मार्ग के संगम तक।

**पूर्व**— नदी के पास स्थित शिव मंदिर एवं प्रताप मार्ग के संगम से प्रारंभ होकर दक्षिण की ओर चलकर सुरेन्द्र बाबू मार्ग के संगम तक पश्चात सुरेन्द्र बाबू मार्ग होकर किलावार्ड मार्ग के संगम तक पश्चात जनक बाई मार्ग पर दक्षिण की ओर चलकर प्रताप मार्ग के संगम तक पश्चात प्रताप मार्ग होकर ठाकुर छेदीलाल मार्ग के संगम तक।

**पश्चिम**—ठाकुर छेदीलाल मार्ग पर राजकुमार सोनी के घर के पास ठाकुर छेदीलाल मार्ग एवं पन्नालाल पांडे मार्ग के संगम से उत्तर की ओर चलकर मंगल सोनी के घर के पास द्वारपाल मार्ग के संगम तक पश्चात द्वारपाल मार्ग पर हुआ पूर्व की ओर चलकर गेंदराम साव मार्ग के संगम तक पश्चात साव मार्ग पर उत्तर की ओर चलकर बाबा पूरनदास मार्ग के संगम तक पश्चात पूरनदास मार्ग पर पश्चिम की ओर चलकर पंप हाउस के पास दक्षिण की ओर गली होकर वापस बाबा पूरनदास मार्ग पर पश्चिम की ओर चलकर अमोलचंद गुप्ता के घर तक पश्चात विनायक राव मार्ग होकर पचरीघाट नदी तक।

## वार्ड कमांक 32 बसंत भाई पटेल नगर

**उत्तर**— समैय्या मार्ग जो नदी किनारे स्थित है, से प्रारंभ होकर पश्चिम की ओर नदी किनारे—किनारे चलकर डोंगाघाट में जहां प्रताप मार्ग एवं शिव मंदिर के संगम तक।

**दक्षिण**— प्रताप मार्ग एवं ठाकुर छेदीलाल मार्ग के संगम से पूर्व की ओर चलकर ठाकुर छेदीलाल मार्ग होते हुये ठाकुर छेदीलाल मार्ग स्थित गव्हर्नमेंट हाई स्कूल के पश्चिमी कोना तक पश्चात उत्तर की ओर चलकर उत्तर पश्चिम कोना तक, पश्चात पूर्व की ओर चलकर समैय्या मार्ग (मधुबन रोड) पर मिलती है, तक।

**पूर्व**— समैय्या मार्ग पर गव्हर्नमेंट हाई स्कूल के पूर्वी कोना मिलती है, से प्रारंभ होकर उत्तर की ओर चलकर मधुबन शमशान को पार करते हुये समैय्या मार्ग एवं अरपा नदी मिलती है, के संगम तक।

**पश्चिम**—प्रताप मार्ग एवं शिव मंदिर जो कि नदी किनारे मिलती है, के संगम से प्रारंभ होकर दक्षिण की ओर चलकर सुरेन्द्र बाबू मार्ग के संगम तक पश्चात सुरेन्द्र बाबू मार्ग होकर जनक बाई मार्ग होते हुये प्रताप मार्ग एवं जनक बाई मार्ग के संगम तक। पश्चात दक्षिण की ओर चलकर प्रताप मार्ग होते हुये ठाकुर छेदीलाल मार्ग के संगम तक।

## वार्ड कमांक 33 शहीद रामप्रसाद बिस्मिल नगर

**उत्तर**— समैय्या मार्ग जो मधुबन शमशान घाट के पास मिलती है, से प्रारंभ होकर पूर्व दिशा की ओर नदी किनारे—किनारे चलकर गुरूनानक स्कल के सामने से जाने वाली सडक जो नदी में मिलती है, तक।

**दक्षिण**— गुरूनानक स्कूल के सामने स्थित सडक एवं ठाकुर छोटेलाल मार्ग के संगम से ठाकुर छोटेलाल मार्ग होते हुये पश्चिम की ओर चलकर गव्हर्नमेंट स्कूल के पश्चिमी किनारे तक जो ठाकुर छेदीलाल मार्ग पर स्थित है, तक।

**पूर्व**— गुरूनानक स्कूल के सामने से नदी को मिलाने वाली सड़क के अंतिम बिन्दु से दक्षिण की ओर गुरूनानक स्कूल के सामने होकर ठाकुर छेदीलाल मार्ग के संगम तक।

**पश्चिम**— गव्हर्नमेंट स्कूल का पश्चिमी किनारा जो ठाकुर छेदीलाल मार्ग में स्थित है से उत्तर की ओर चलकर किनारे कोने से पूर्व की ओर चलकर समैय्या मार्ग मिलती है। उत्तर की ओर चलकर समया मार्ग होते हुये अरपा नदी के किनारे तक।

## वार्ड कमांक 34 गांधी नगर

**उत्तर–** ठाकुर छेदीलाल मार्ग एवं शांतिलाल के संगम से ठाकुर छेदीलाल मार्ग से चलते हुये पूर्व की ओर दयालबंद मार्ग ठाकुर छेदीलाल मार्ग एवं दया भाई पटेल मार्ग के संगम तक (गांधी मूर्ति)।

**दक्षिण–** दया भाई पटेल मार्ग एवं वीर सावरकर मार्ग के संगम से वीर सावरकर मार्ग होते हुये पश्चिम की ओर चलकर वीर सावरकर मार्ग एवं देहनकर मार्ग के संगम तक।

**पूर्व–** ठाकुर छेदीलाल मार्ग एवं दया भाई पटेल मार्ग के संगम से दया भाई पटेल मार्ग होते हुये दक्षिण की ओर चलकर दया भाई पटेल मार्ग एवं वीर सावरकर मार्ग के संगम तक।

**पश्चिम–** वीर सावरकर मार्ग एवं देहनकर मार्ग के संगम से उत्तर की ओर चलकर देहनकर मार्ग एवं नागोराव शेष मार्ग के संगम तक पश्चात देहनकर मार्ग एवं गनपत राव मार्ग के संगम से उत्तर पूर्व दिशा में गनपत राव मार्ग होते हुये गनपत राव एवं नागोराव शेष मार्ग के संगम तक पश्चात गनपत राव शेष मार्ग एवं नागोराव शेष मार्ग के संगम से उत्तर की ओर चलकर नागोराव शेष मार्ग होते हुये पुनः शांति मार्ग होते हुये शांति मार्ग एवं देहनकर मार्ग के संगम तक।

## वार्ड कमांक 35 इंदिरा नगर

**उत्तर–** ठाकुर छेदीलाल मार्ग एवं ठाकुर छेदीलाल मार्ग की गली के संगम से प्रारंभ होकर ठाकुर छेदीलाल मार्ग से पश्चिम की ओर चलकर दया भाई पटेल मार्ग एवं ठाकुर छेदीलाल मार्ग के संगम पर गांधी मूर्ति स्थित है तक।

**दक्षिण–** रामदास मार्ग एवं दया भाई पटेल मार्ग के संगम से प्रारंभ होकर रामदास मार्ग होते हुये पूर्व की ओर चलते हुये रामदास मार्ग गली नं. 06 के संगम तक।

**पूर्व–** रामदास मार्ग एवं रामदास मार्ग के गली नं. 06 के संगम से प्रारंभ होकर रामदास मार्ग गली नं. 06 होते हुये उत्तर की ओर चलकर रानी मान कुमारी देवी मार्ग के संगम तक पश्चात रानी मान कुमारी देवी मार्ग होते हुये पूर्व की ओर म्युनिसिपल पैखाना से रानीमान कुमारी मार्ग में स्थित है, तक पश्चात म्युनिसिपल पैखाना से उत्तर की ओर रानी मान कुमारी देवी मार्ग होते हुये ठाकुर छेदीलाल मार्ग की गली नं. 01 मिलती है संगम तक (शिव भगत कश्यप के मकान तक) पश्चात ठाकुर छेदीलाल मार्ग की गली नं. 01 होते हुये उत्तर की ओर ठाकुर छेदीलाल मार्ग के संगम तक।

**पश्चिम–** ठाकुर छेदीलाल मार्ग एवं श्यामलाल मार्ग संगम पर गांधी मूर्ति स्थित हैं, से प्रारंभ होकर दया भाई पटेल मार्ग होते हुये दक्षिण दिशा में चलकर रामदास मार्ग एवं दया भाई पटेल के संगम तक।

## वार्ड कमांक 36 तात्याटोपे नगर

**उत्तर–** ठाकुर छेदीलाल मार्ग एवं जनता टेंट हाउस की गली के संगम से पूर्व की ओर चलकर ठाकुर छेदीलाल मार्ग होते हुये ठाकुर छेदीलाल मार्ग एवं रामकृष्ण परमहंस मार्ग मिलती है, संगम तक।

**दक्षिण–** शिवाजी मार्ग एवं रामदास मार्ग के संगम से पश्चिम की ओर रामदास मार्ग होते हुये रामदास मार्ग मामा भांजा तालाब के पीछे वाली सड़क के संगम तक।

**पूर्व–** रामकृष्ण परमहंस मार्ग एवं ठाकुर छेदीलाल मार्ग के संगम से रामकृष्ण परमहंस मार्ग में दक्षिण की ओर चलते हुये रामकृष्ण परमहंस मार्ग एवं शिवाजी मार्ग के संगम तक पश्चात रामकृष्ण परमहंस मार्ग एवं शिवाजी मार्ग से संगम से पूर्व की ओर शिवाजी मार्ग होते हुये रामदास मार्ग के संगम तक।

**पश्चिम–** रामदास मार्ग एवं रामदास मार्ग के गली नं. 06 के संगम से प्रारंभ होकर रामदास मार्ग गली नं. 06 से होते हुये उत्तर की ओर चलकर रानी मानकुमारी देवी मार्ग के संगम तक पश्चात रानी मानकुमारी देवी मार्ग होते हुये पूर्व की ओर म्युनिसिपल पैखाना से उत्तर की ओर स्थित है तक पश्चात म्युनिसिपल पैखाना से उत्तर की ओर रानी मानकुमारी देवी मार्ग होते हुये ठाकुर छेदीलाल मार्ग की गली नं. 01 मिलती है संगम तक (शिव भगत कश्यप के मकान तक) पश्चात ठाकुर छेदीलाल मार्ग की गली नं. 01 होते हुये उत्तर की ओर ठाकुर छेदीलाल मार्ग से संगम तक।

## वार्ड कमांक 37 रामदास नगर

**उत्तर**— रामदास मार्ग एवं दया भाई पटेल मार्ग के संगम से पूर्व की ओर रामदास मार्ग होते हुये महाराष्ट्र मंडल के आगे रेल्वे क्षेत्र से आने वाले नाला के संगम तक।

**दक्षिण**— रेल्वे सीमा एवं नाले के संगम से पूर्व की ओर रेल्वे सीमा होते हुये तारबाहर चौक के पास स्थित रेल्वे सीमा तक।

**पूर्व** :— रामदास मार्ग एवं रेल्वे क्षेत्र से आने वाले नाले के संगम से नाला के किनारे–किनारे दक्षिण की ओर चलकर रेल्वे सीमा जहां मिलती है के संगम तक।

**पश्चिम**— तारबाहर चौक स्थित रेल्वे सीमा से उत्तर की ओर दया भाई पटेल मार्ग होते हुये दया भाई पटेल मार्ग एवं रामदास मार्ग के संगम तक।

## वार्ड कमांक 38 भगत सिंह नगर

**उत्तर**— रामकृष्ण परमहंस मार्ग एवं ठाकुर छेदीलाल मार्ग के संगम से प्रारंभ होकर ठाकुर छेदीलाल मार्ग होते हुये पूर्व की ओर चलकर गुरू गोविन्द सिंह मार्ग होते हुये धनराज वासन मार्ग एवं गुरू गोविन्द सिंह मार्ग संगम तक।

**दक्षिण–पूर्व**— गुरू गोविन्द सिंह मार्ग एवं धनराज वासन मार्ग के संगम से प्रारंभ होकर रेल्वे की उत्तरी सीमा के किनारे–किनारे पश्चिम की ओर चलकर काशी प्रसाद गुप्ता के मकान तक पश्चात काशी प्रसाद गुप्ता के मकान से रेल्वे सीमा के किनारे–किनारे दक्षिण की ओर चलकर मूलजी जगमल मार्ग के संगम तक, पश्चात मूलजी जगमल मार्ग को पारकर पश्चिम की ओर चलकर उत्तरी सीमा के किनारे–किनारे नाले तक जो रेल्वे सीमा से निकली है, पश्चात नाले के किनारे–किनारे उत्तर की ओर चलकर रामदास मार्ग एवं नाले के संगम से प्रारंभ होकर रामदास मार्ग होते हुये पूर्व की ओर चलकर शिवाजी मार्ग के संगम तक पश्चात शिवाजी मार्ग होते हुये उत्तर की ओर चलकर पश्चात पश्चिम की ओर चलकर राम कृष्ण परमहंस मार्ग मिलती है, संगम तक।

**पश्चिम**—शिवाजी मार्ग एवं राम कृष्ण परमहंस मार्ग मिलती है, संगम से प्रारंभ होकर राम कृष्ण परमहंस मार्ग होते हुये उत्तर की ओर चलकर ठाकुर छेदीलाल मार्ग के संगम तक।

## वार्ड कमांक 39 महाराणा प्रताप नगर

**उत्तर**— गुरूनानक स्कूल के सामने सडक एवं नदी के संगम से पूर्व की ओर नदी किनारे चलते हुये गंगाराम गली एवं अरपा नदी जहां मिलती है, के संगम तक।

**दक्षिण** :— गुरूनानक चौक से पश्चिम की ओर गुरू गोविन्द सिंह मार्ग एवं ठाकुर छेदीलाल मार्ग होते हुये ठाकुर छेदीलाल मार्ग एवं गु नानक स्कूल की ओर जाने वाली मार्ग के संगम तक।

**पूर्व** :— गंगाराम गली एवं अरपा नदी के गम से दक्षिण की ओर गंगाराम गली में चलते हुये संतोषी मंदिर के पास गंगाराम गली एवं गोकुल मार्ग के संगम तक पुनः गोकुल मार्ग एवं गंगाराम गली के संगम से पूर्व की ओर गंगाराम मार्ग चलते हुये गंगाराम मार्ग होते हुये धनराज वासन मार्ग जहां मिलती है, तक पुनः दक्षिण की ओर धनराज वासन मार्ग होते हुये धनराज वासन मार्ग एवं गुरू गोविन्द सिंह मार्ग के संगम गुरूनानक चौक तक।

**पश्चिम** :— ठाकुर छेदीलाल मार्ग एवं गुरूनानक स्कूल की ओर जाने वाली सडक के संगम से उत्तर की ओर गुरूनानक स्कूल की ओर जाने वाली सडक चलकर अरपा नदी के संगम तक।

## वार्ड कमांक 40 विवेकानंद नगर

**उत्तर–पश्चिम**— लाल खदान रेल्वे कारि के पास गुरू गोविन्द सिंह मार्ग स्थित है, से प्रारंभ होकर रेल्वे लाईन होते हुये पूर्व की लकर नगर निगम सीमा तक पश्चात पश्चिम की ओर चलकर नगर निगम सीमा होते ये पश्चिम की ओर चलकर पश्चात उत्तर की ओर मुड़कर अरपा नदी के किनारे–किनारे चम की ओर चलकर पश्चात दक्षिण की ओर मुड़कर गंगाराम मार्ग अरपा नदी से मि है तक।

**दक्षिण–पूर्व**—गंगाराम मार्ग एवं अरपा नदी के किनारे से प्रारंभ होकर गंगाराम मार्ग होते हुये पूर्व की ओर चलकर दक्षिण की ओर मुडकर गोकुल मार्ग के संगम तक पश्चात गोकुल मार्ग होते हुये पूर्व की ओर चलते हुये बासन मार्ग एवं गोकुल प्रसाद मार्ग से प्रारंभ होकर बासन मार्ग

होते हुये दक्षिण की ओर चलकर गुरू गोविन्द सिंह मार्ग के संगम तक पश्चात गुरू गोविन्द सिंह एवं बासन मार्ग के संगम से प्रारंभ होकर गुरू गोविन्द सिंह मार्ग होते हुये पूर्व की ओर चलकर लाल खदान रेल्वे क्रासिंग तक।

## वार्ड क्रमांक 41 शंकर नगर

**उत्तर** :– धनराज वासन मार्ग एवं गुरू गोविन्द सिंह मार्ग के संगम से गुरू गोविन्द सिंह मार्ग से होते हुये पूर्व की ओर चलकर डॉ. कैलाश नाथ काटजू मार्ग तक।

**दक्षिण** :– डॉ. कैलाश नाथ काटजू मार्ग एवं रेल्वे लाईन संगम से प्रारंभ होकर रेल्वे लाईन के किनारे–किनारे पश्चिम की ओर चलकर चुचहियापारा रेल्वे फाटक तक।

**पूर्व** :– गुरू गोविन्द सिंह मार्ग एवं डॉ. कैलाश नाथ काटजू मार्ग से प्रारंभ होकर डॉ. कैलाश नाथ काटजू मार्ग होते हुये दक्षिण की ओर चलकर रेल्वे लाईन के संगम तक।

**पश्चिम** :– चुचहियापारा रेल्वे फाटक पास से रेल्वे सीमा के किनारे–किनारे उत्तर की ओर चलकर धनराज वासन मार्ग एवं गूरू गोविन्द सिंह मार्ग के संगम तक।

## वार्ड कमांक 42 शहीद हेमू कालानी नगर

**उत्तर**– तोरवा पॉवर हाउस चौक से पूर्व दिशा में चलकर पैरामाउण्ट स्कूल तक।

**दक्षिण**– व्ही.कैवर्त के मकान से रेल्वे के किनारे–किनारे पश्चिम की ओर चलते हुये ओव्हरब्रिजके नीचे तक।

**पूर्व**– शिवरीनारायण सडक पर स्थित पैरामाउण्ट स्कूल से प्रारंभ होकर दक्षिण की ओर चलकर मि. एम.यादव के घर के सामने तक पश्चात पश्चिम की ओर चलकर सांई गार्डन तक। पश्चात दक्षिण की ओर चलकर देवी निवास से पश्चिम की ओर चलकर मिश्रा के मकान तक, पश्चात दक्षिण की ओर चलकर एस.के.नारायणा के मकान होते हुये श्री बी.एच.एस.प्रसाद के मकान तक पश्चात पश्चिम की ओर चलकर एम.के.डे के मकान तक, पश्चात दक्षिण की ओर चलकर बी.आर.चन्द्रा के मकान तक, पश्चात पश्चिम की ओर चलकर खन्ना के मकान से दक्षिण दिशा की ओर चलते हुये बिन्दा मिश्रा के मकान तक एवं आगे दक्षिण की ओर चलकर एस.एस.शर्मा के मकान तक पश्चात सडक पारकर राव के घर तक पश्चात व्ही.कैवर्त के मकान स्थित रेल्वे लाइन तक।

**पश्चिम** :– रेल्वे ओव्हर ब्रिज के नीचे स्थित पूर्वी कोना से प्रारंभ होकर उत्तर की ओर चलते हुये विधानी जी के घर के सामने स्थित चौक तक पश्चात तोरवा पॉवर हाउस चौक स्थित पश्चिम उत्तर कोना तक।

## वार्ड कमांक 43 रविन्द्रनाथ टैगोर नगर

**उत्तर**– :–बिलासपुर – शिवरीनारायण रोड़ पर स्थित जीवनानी के मकान से पूर्व की ओर चलकर लालखदान रेल्वे कासिंग जहां पर ओव्हर ब्रीज निर्माणाधीन है तक।

**दक्षिण** :–लालखदान रेल्वे कासिंग जहां पर ओव्हर ब्रीज निर्माणाधीन है से प्रारंभ होकर रेल्वे लाइन के किनारे–किनारे पश्चिम की ओर चलकर श्री के लांबा के मकान तक।

**पूर्व** :– लाल खदान रेल्वे कासिंग से प्रारंभ होकर पश्चिम की ओर चलते हुये बरमबाबा मंदिर तक।

